दिनांकः 10.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्यभर में सरसों और चने की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद आज से शुरूं
- महावीर जयंती पर आज प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल–जैन मंदिरों में हो रहे विशेष आयोजनं
- विश्व होम्योपैथी दिवस आज–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में
- प्रदेश में गर्मी के मौसम को देखते हुए सरकार अलर्ट मोड पर–नरेगा श्रमिकों के कार्यों की समयावधि में बदलाव के लिए जिला कलेक्टर अधिकृतं

000

राज्यभर में सरसों और चने की **न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी** पर खरीद आज से शुरू हो रही हैं इसके लिए किसानों ने एक अप्रेल से पंजीयन करवाया था, जो फिलहाल जारी हैं राजफेड के वाणिज्य महाप्रबंधक कार्तिकेय मिश्रा ने आकाशवाणी को बताया कि अब तक एक लाख 20 हजार से अधिक किसान पंजीकरण करवा चुके हैं उन्होंने बताया कि अभी भी किसान अपनी उपज बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं

............

000

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के साथ जोडा जाएगां सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट में उन्होंने कहा कि जब आधार कानून बनाया गया था, तब कानूनी ढांचे में कई खामियां थीं, लेकिन अब इन खामियों को दूर किया गया हैं श्री वैष्णव ने आधार कानून के आधुनिक संस्करण पर ज़ोर देते हुए कहा कि मौजूदा सरकार गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने पर ध्यान दे रही हैं

..............

000

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही हैं इस अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन रखे गए हैं प्रभात फेरियां निकालकर भगवान का अभिषेक किया जा रहा हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि अहिंसा और करुणा की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर ने अहिंसा परमो धर्मः के संदेश के माध्यम से मानवता को एक नया मार्ग दिखाया कि अहिंसा सर्वोच्च धर्म हैं उपराष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर की शाश्वत शिक्षाएं एक अधिक दयालु और सामंजस्यपूर्ण दुनिया की ओर हमारा मार्ग रोशन करती रहती हैं

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर के आदर्श दुनियाभर में अनगिनत लोगों को शक्ति देते हैं उनकी शिक्षाओं को जैन समुदाय द्वारा खूबसूरती से संरक्षित और लोकप्रिय बनाया गया हैं

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी महावीर जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं राज्यपाल ने अपने संदेश में लोगों से भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के मार्ग से प्रेरणा लेने का आह्वान किया हैं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान महावीर का तपस्वी जीवन और उनकी शिक्षाएं सभी को धर्म के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देती हैं

इधर, प्रदेशभर में भी महावीर जयंती पर अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं करौली जिले के श्रीमहावीर जी में मेला परवान पर हैं हमारे सवांददाता ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा हैं

.............

000

आज विश्व होम्योपैथी दिवस हैं होम्योपैथी के जनक डॉ. सेम्यूअल हैनीमेन की जयंती के उपलक्ष में ये दिन मनाया जाता हैं होम्योपैथी को दुष्प्रभाव रहित रोगों का इलाज करने वाली प्रणाली माना जाता हैं इस वर्ष के होम्योपैथी दिवस की थीम अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान रखी गयी हैं गुजरात के गांधी नगर में आज से दो दिन के होम्योपैथी सम्मेलन की शुरूआत होगीं

इधर, जयपुर में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगां कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ राजस्थान में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शिरकत करेंगें राजस्थान सेवारत होम्योपैथिक चिकित्सक संघ की ओर से हो रहे इस कार्यक्रम में होम्योपैथी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगां गौरतलब हैकि होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली हैं यह स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती हैं आयुष मंत्रालय के अनुसार, देश में 10 करोड़ से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए होम्योपैथी पर भरोसा करते हैं

000

प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही लू, तापघात और मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर सरकार अलर्ट मोड पर आ गई हैं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कल जयपुर में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दियें उन्होंने राज्य में बढ़ती गर्मी, संभावित हीट वेव और अन्य मौसमी आपदाओं से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों का जायज़ा लियां

इस दौरान डॉ. मीणा ने वीसी के जरिए विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टरों से की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक संसाधनों के साथ सतर्क रहने को कहां आपदा प्रबंधन मंत्री ने हीट वेव से प्रभावित लोगों के लिए प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहां

000

प्रदेशभर में तेज गर्मी का असर बरकरार हैं हालांकि पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से कल कहीं–कहीं बादल छाए रहने से तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गईं कई जिलों में धूलभरी आंधियां चलीं और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी दर्ज की गई मौसम विभाग के अनुसार आज से एक और नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना हैं

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट होने तथा भीषण हीटवेव से राहत मिलने की संभावना हैं उन्होंने बताया कि 14 अप्रेल से फिर तापमान में बढ़ोतरी होने और दक्षिण–पश्चिमी राजस्थान में एक और नया हीटवेव का दौर शुरू होगां

000

प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही परिंदों को पानी पिलाने के लिए लोग स्वतः आगे आ रहे हैं प्रधानमंत्री ने रेडिया के मासिक कार्यक्रम मन की बात में आमजन से इस संबंध में अपील की थी, जिसका व्यापक असर देखा जा रहा हैं एक रिपोर्ट –

...........

000

गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों का समय जिला कलेक्टर और जिला कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी निर्धारित कर सकेंगें ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने बताया कि नरेगा में श्रमिकों के लिए आठ घंटे की कार्य अवधि निर्धारित हैं इसमें एक घंटे का विश्राम भी शामिल हैं उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अपने स्तर पर कार्य समय निर्धारित कर सकेंगें

000